श्री सतीश कुमार सिंह यादव, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त
प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं0-119/2026

प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं0.119/26	उत्तर प्रतिवेदन
कैमूर जिला के प्रखण्ड दुर्गावती में लरमा करारी एवं बड़हरा गाँव कर्मनाशा नदी से कटाव एवं उधपुरा एवं गंगापुर दुर्गावती नदी से तथा रामगढ़ प्रखंड में आटडीह गाँव कर्मनाशा नदी एवं जमुरना गाँव कान्हीं गाँव दुर्गावती नदी से कटाव हो रहा है, जिससे कि लाखों लोग प्रभावित है। कृषि योग्य भी भूमि नदी में समाहित हो गया है, जिससे कि लोग भुखमरी का शिकार हो रहे है। उक्त सभी नदियों के तटबंधों का निर्माण हेतु जल संसाधन विभाग को कई बार पत्र लिखा, परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अतः याचिका के माध्यम से सरकार से याचना है कि उक्त सभी नदियों के कटाव रोकने हेतु तटबंध निर्माण कराने की कृपा की जाय।	वस्तुस्थिति यह है कि कैमूर जिला अन्तर्गत ग्राम लरमा, करारी, बड़हरा एवं आटडीह कर्मनाशा नदी के दायें किनारे, ग्राम जमुरना कर्मनाशा नदी के बायें किनारे, ग्राम गंगापुर एवं कान्हीं दुर्गावती नदी के दायें किनारे तथा ग्राम उधपुरा दुर्गावती नदी के बायें किनारे पर अवस्थित है। दुर्गावती नदी के किनारे अवस्थित सभी स्थल दुर्गावती डैम के निम्न प्रवाह में स्थित है । दुर्गावती डैम के जलाशय में जल संचयन के उपरान्त जलश्राव छोड़े जाने की स्थिति में प्रश्नगत स्थलों पर कटाव की संभावना क्षीण रहती है । कर्मनाशा नदी एक बरसाती नदी है जिसमे मुख्य रूप से बाढ़ अवधि में जलश्राव प्रवाहित होता है । बाढ़ अवधि में बढ़ते/घटते जलस्तर से नदी अपने तट का आंशिक क्षरण करती है। वर्तमान में प्रश्नगत स्थलों पर कटाव परिलक्षित नहीं हो रहा है। बाढ़ अवधि में कटाव परिलक्षित होने पर बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित कर लिया जायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–01–36 / 2026 पटना / दिनांक ....

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–160 दिनांक–25.03.2026 के आलोक में प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं0–119 / 26 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–01–36 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–01–36 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–01–36 / 2026 २९५३ पटना / दिनांक :01/6/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/6/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव